**जब तक आपको यह प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें।**

**Question Booklet Bar Code Serial No.**
**प्रश्न-पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या**
1370257

# 2025

**कोड : KEZE-08**

**विषय : सामान्य अध्ययन एवं जीव विज्ञान**

**भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 30**

**भाग – II : जीव विज्ञान : प्रश्न संख्या 31 से 150**

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 300**

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें — अंकों में → | | | | | | | |

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर **केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक** पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक अन्तरीक्षक** को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक और प्रश्न-पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सील्ड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है।
2. **पारदर्शी सील्ड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुन: जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें।**
3. अभ्यर्थी **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त** ही ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें।
5. **इस प्रश्न-पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल-प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में, सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं। द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में, अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**
   **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।
   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।
   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**नोट :** *कृपया प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए।*

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part I / भाग I

### General Studies / सामान्य अध्ययन

1. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | List I (Amendment to the Constitution) | | List II (Topic of Amendment) |
|---|---|---|---|
| A. | The Constitution (Sixty-ninth Amendment) Act, 1991 | i. | Establishment of State-level Rent Tribunals |
| B. | The Constitution (Seventy-fifth Amendment) Act, 1994 | ii. | No Reservations for Scheduled Castes in Panchayats in Arunachal Pradesh |
| C. | The Constitution (Eightieth Amendment) Act, 2000 | iii. | Constitution of Panchayats at village or at another local level |
| D. | The Constitution (Eighty-third Amendment) Act, 2000 | iv. | Accepting the recommendations of the Tenth Finance Commission |
| | | v. | Accorded the status of National Capital Territory to Delhi |

**Code :**

(a) A-i, B-v, C-iii, D-iv
(b) A-v, B-i, C-iv, D-ii
(c) A-i, B-v, C-iv, D-ii
(d) A-v, B-i, C-iii, D-iv

1370257

1. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I (संविधान का संशोधन) | | सूची II (संशोधन की विषयवस्तु) |
|---|---|---|---|
| A. | संविधान (69वां संशोधन) अधिनियम 1991 | i. | राज्य-स्तरीय रेन्ट ट्रिब्यूनल (किराया न्यायाधिकरण) की स्थापना |
| B. | संविधान (75वां संशोधन) अधिनियम 1994 | ii. | अरुणाचल प्रदेश की पंचायतों में अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था का निषेध |
| C. | संविधान (80वां संशोधन) अधिनियम 2000 | iii. | ग्राम या अन्य स्थानीय स्तर पर पंचायत का गठन |
| D. | संविधान (83वां संशोधन) अधिनियम 2000 | iv. | दसवें वित्त आयोग की सिफारिशों की स्वीकार्यता |
| | | v. | दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी के स्टेट्स की घोषणा |

**कूट :**

(a) A-i, B-v, C-iii, D-iv
(b) A-v, B-i, C-iv, D-ii
(c) A-i, B-v, C-iv, D-ii
(d) A-v, B-i, C-iii, D-iv

2. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** India tested its Integrated Air Defence Weapon System in August 2025.

**Reason (R) :** The test was carried out on the coast of Kerala.

Select the correct answer from the code given below :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) (A) is true, but (R) is false.

(c) (A) is false, but (R) is true.

(d) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

3. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | **List I (Ruler)** | | **List II (Custom Name)** |
|---|---|---|---|
| A. | Bahadur Shah I | i. | Rangeela |
| B. | Jahandar Shah | ii. | Lustful Fool |
| C. | Farrukhsiyar | iii. | Shah-i-Bekhabar |
| D. | Muhammad Shah | iv. | Disgusting Coward |

**Code :**

(a) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

(b) A-iv, B-i, C-iii, D-ii

(c) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

(d) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

2. नीचे दो कथन दिए गए है, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है :

**अभिकथन (A) :** भारत ने अपनी एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का अगस्त 2025 में परीक्षण किया है।

**कारण (R) :** केरल के तट पर इस परीक्षण को किया गया।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(c) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है।

(d) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

3. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची I (शासक)** | | **सूची II (प्रचलित नाम)** |
|---|---|---|---|
| A. | बहादुर शाह I | i. | रंगीला |
| B. | जहाँदार शाह | ii. | कामुक मूर्ख |
| C. | फर्रूखसियार | iii. | शाह-ए-बेखबर |
| D. | मुहम्मद शाह | iv. | घृणित कायर |

**कूट :**

(a) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

(b) A-iv, B-i, C-iii, D-ii

(c) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

(d) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

4. According to National Family Health Survey-5, which state has the highest total fertility rate (TFR) among the following states ?

(a) Jharkhand

(b) Bihar

(c) Uttar Pradesh

(d) Meghalaya

5. Which countries are included in the 'Jakota' Triangle ?

(a) Japan, South Korea and Thailand

(b) Japan, North Korea and Hong Kong

(c) Japan, South Korea and Taiwan

(d) Japan, North Korea and Taiwan

6. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below :

| | List I (Book) | | List II (Historian) |
|---|---|---|---|
| A. | India Today | i. | Sumit Sarkar |
| B. | Modern India | ii. | Rajani Palme Dutt |
| C. | Oxford History of India | iii. | Percival Spear |
| D. | Social Background of Indian Nationalism | iv. | A.R. Desai |

Code :

(a) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(b) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(d) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

4. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में सकल प्रजनन दर (टीएफआर) सर्वाधिक है ?

(a) झारखण्ड

(b) बिहार

(c) उत्तर प्रदेश

(d) मेघालय

5. 'जकोटा' त्रिभुज के अन्तर्गत कौन-कौन से देश सम्मिलित हैं ?

(a) जापान, दक्षिण कोरिया तथा थाईलैण्ड

(b) जापान, उत्तरी कोरिया तथा हांगकांग

(c) जापान, दक्षिण कोरिया तथा ताइवान

(d) जापान, उत्तरी कोरिया तथा ताइवान

6. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची I (पुस्तक) | | सूची II (इतिहासकार) |
|---|---|---|---|
| A. | इण्डिया टुडे | i. | सुमित सरकार |
| B. | मॉडर्न इण्डिया | ii. | रजनी पाल्मे दत्त |
| C. | ऑक्सफोर्ड हिस्ट्री ऑफ इण्डिया | iii. | पर्सीवल स्पीयर |
| D. | सोशल बैकग्राउण्ड ऑफ इण्डियन नैशनलिज़्म | iv. | ए.आर. देसाई |

कूट :

(a) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(b) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(c) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(d) A-ii, B-i, C-iii, D-iv

7. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Institution) | | List II (Launch/ Inauguration year) |
|---|---|---|
| A. The National Mission for Manuscripts (NMM) | i. | 1954 |
| B. The National Mission on Monuments and Antiquities (NMMA) | ii. | 1985 |
| C. Indira Gandhi National Centre for the Arts (IGNCA) | iii. | 2007 |
| D. The National Gallery of Modern Art (NGMA) | iv. | 2003 |

**Code :**

(a) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(b) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(c) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

8. An electric pole, 16 metres high, casts a shadow of 12 metres length. The height of the tree that casts a shadow of 15 metres length under similar conditions, will be :

(a) 20 m

(b) 21 m

(c) 17 m

(d) 15 m

9. Which State's Assembly became the first assembly with translator facilities ?

(a) Madhya Pradesh

(b) Telangana

(c) Uttar Pradesh

(d) Kerala

7. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I (संस्था) | | सूची II (किस वर्ष में शुभारंभ/ उद्घाटन) |
|---|---|---|
| A. राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (एनएमएम) | i. | 1954 |
| B. स्मारक और पुरातन वस्तुओं पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमएमए) | ii. | 1985 |
| C. इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) | iii. | 2007 |
| D. आधुनिक कला की राष्ट्रीय गैलरी (एनजीएमए) | iv. | 2003 |

**कूट :**

(a) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(b) A-iii, B-iv, C-ii, D-i

(c) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

(d) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

8. एक बिजली का खम्भा जिसकी ऊँचाई 16 मी. है, 12 मी. लंबी छाया देता है। समान परिस्थितियों में एक पेड़ जो 15 मी. लंबी छाया देता है, की ऊँचाई होगी :

(a) 20 मी.

(b) 21 मी.

(c) 17 मी.

(d) 15 मी.

9. किस राज्य की विधानसभा प्रथम बार ऐसी विधानसभा बनी जिसमें अनुवादक की सुविधा है ?

(a) मध्य प्रदेश

(b) तेलंगाना

(c) उत्तर प्रदेश

(d) केरल

10. Area of a circle is 314 $cm^2$. Its perimeter is : (Take $\pi = 3.14$)

(a) 10 cm

(b) 81.9 cm

(c) 61.8 cm

(d) 20 cm

11. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I | List II |
|---|---|
| A. Sum of interior angles of a hexagon is | i. Supplementary |
| B. Diagonals of a rhombus | ii. 20° |
| C. A cyclic quadrilateral's opposite angles are | iii. 720° |
| D. Maximum number of diagonals in an octagon is | iv. Bisect each other at 90° |

Code :

(a) A-i, B-iv, C-iii, D-ii

(b) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(d) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

12. How many people took a holy dip in the Maha Kumbh Mela at Prayagraj in 2025 ?

(a) About 46 crores

(b) About 56 crores

(c) About 76 crores

(d) About 66 crores

10. एक वृत्त का क्षेत्रफल 314 सेमी.$^2$ है । इसका परिमाप है : (जहाँ $\pi = 3.14$)

(a) 10 सेमी.

(b) 81.9 सेमी

(c) 61.8 सेमी

(d) 20 सेमी.

11. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A. षट्भुज के आन्तरिक कोणों का योग | i. संपूरक |
| B. एक समचतुर्भुज के विकर्ण | ii. 20° |
| C. एक चक्रीय चतुर्भुज के विपरीत कोण हैं | iii. 720° |
| D. अष्टभुज के विकर्णों की अधिकतम संख्या है | iv. 90° पर एक दूसरे को द्विविभाजित करते हैं |

कूट :

(a) A-i, B-iv, C-iii, D-ii

(b) A-ii, B-iv, C-i, D-iii

(c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(d) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

12. 2025 के प्रयागराज महाकुम्भ मेले में कितने लोगों ने स्नान किया ?

(a) लगभग 46 करोड़

(b) लगभग 56 करोड़

(c) लगभग 76 करोड़

(d) लगभग 66 करोड़

13. Which of the following are the limitations on the Sovereignty of the Indian Parliament ?
    I. Fundamental Rights
    II. Judicial Review
    III. Federalism
    IV. Written Constitution

    **Options :**
    (a) I, III and IV
    (b) I, II, III and IV
    (c) I, II and III
    (d) I and II

14. Consider the following events and arrange these in correct chronological order starting from earliest to the last activity :
    I. Minerva Mills vs Union of India Case
    II. S.P. Gupta vs Union of India Case
    III. Golaknath vs State of Punjab Case
    IV. Kesavananda Bharati vs State of Kerala Case

    Select the correct answer from the code given below :
    (a) III, II, I, IV
    (b) IV, I, II, III
    (c) IV, I, III, II
    (d) III, IV, I, II

15. Where is the Central Siberian Plateau located ?
    (a) Between the Yenisey River and Lena River
    (b) Between the Lena River and Verkhoyansk Range
    (c) Between the Ural mountains and Cherskogo Range
    (d) Between the Verkhoyansk Range and Ural mountains

13. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय संसद की सम्प्रभुता पर सीमाएँ हैं ?
    I. मौलिक अधिकार
    II. न्यायिक समीक्षा
    III. संघीय शासन
    IV. लिखित संविधान

    **विकल्प :**
    (a) I, III और IV
    (b) I, II, III और IV
    (c) I, II और III
    (d) I और II

14. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहले से लेकर अंतिम गतिविधि तक :
    I. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ केस
    II. एस.पी. गुप्ता बनाम भारत संघ केस
    III. गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य केस
    IV. केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य केस

    नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
    (a) III, II, I, IV
    (b) IV, I, II, III
    (c) IV, I, III, II
    (d) III, IV, I, II

15. मध्य साइबेरियन पठार कहाँ स्थित है ?
    (a) येनिसे नदी और लीना नदी के मध्य
    (b) लीना नदी और वेरखोयांस्क श्रृंखला के मध्य
    (c) यूराल पर्वत और चेर्सकोगो श्रृंखला के मध्य
    (d) वरखोयांस्क श्रृंखला और यूराल पहाड़ के मध्य

16. In the magnetic meridian of a certain place, the horizonal component of the Earth's magnetic field is 0·26 G and the dip angle is 60°. What is the magnetic field of the Earth at this location ?

(a) 0·55 G

(b) 0·54 G

(c) 0·52 G

(d) 0·58 G

17. Consider the following statements with reference to Chaudhary Charan Singh National Institute of Agricultural Marketing (CCSNIAM) :

I. CCSNIAM is located in Jodhpur (Rajasthan).

II. It is a premier national level institute established in 1988 as an autonomous organisation under the Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare, Government of India.

Select the correct answer from the code given below :

(a) Neither I nor II

(b) Both I and II

(c) Only II

(d) Only I

18. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** The theme of G20 Summit, 2023 was "Vasudhaiva Kutumbakam", which means "One Earth, One Family, One Future."

**Reason (R) :** It is taken from the ancient Sanskrit text of Maha Upanishad.

Select the correct answer from the code given below :

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) (A) is true, but (R) is false.

(c) Both (A) and (R) are true, but (R) is *not* the correct explanation of (A).

(d) (A) is false, but (R) is true.

16. किसी निश्चित स्थान के चुम्बकीय याम्योत्तर में पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र का क्षैतिज घटक 0·26 G है तथा नति कोण 60° है। इस स्थान पर पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र क्या होगा ?

(a) 0·55 G

(b) 0·54 G

(c) 0·52 G

(d) 0·58 G

17. चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (सीसीएसएनआईएएम) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. सीसीएसएनआईएएम जोधपुर (राजस्थान) में स्थित है।

II. यह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन 1988 में स्वायत्त संगठन के रूप में स्थापित एक प्रमुख राष्ट्रीय स्तर का संस्थान है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) न तो I न ही II

(b) I एवं II दोनों

(c) केवल II

(d) केवल I

18. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया है :

**अभिकथन (A) :** भारत के G20 सम्मेलन 2023 का विषय (थीम) "वसुधैव कुटुम्बकम" है, यानि "एक पृथ्वी, एक कुटुम्ब, एक भविष्य।"

**कारण (R) :** यह महोपनिषद के प्राचीन संस्कृत पाठ से लिया गया है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(c) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या *नहीं* है।

(d) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है।

**19.** Consider the following events and arrange these in correct chronological order starting from earliest to the last activitiy :

I. First test-tube baby born

II. First cloned sheep (Dolly)

III. Discovery of Penicillin (Antibiotic)

IV. Discovery of double helix of DNA

Select the correct answer from the code given below :

(a) II, IV, III, I

(b) I, II, III, IV

(c) IV, III, I, II

(d) III, IV, I, II

**19.** निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए तथा इन्हें सही कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए, सबसे पहले से लेकर अंतिम गतिविधि तक :

I. पहली टेस्ट-ट्यूब बेबी का जन्म

II. पहली भेड़ (डॉली) का क्लोन बना

III. पेनिसिलिन (एंटीबायोटिक) की खोज

IV. डीएनए के डबल हेलिक्स की खोज

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) II, IV, III, I

(b) I, II, III, IV

(c) IV, III, I, II

(d) III, IV, I, II

**20.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| | **List I (Iron-Ore mines)** | | **List II (State)** |
|---|---|---|---|
| A. | Badampahar | i. | Karnataka |
| B. | Noamundi | ii. | Maharashtra |
| C. | Chandrapur | iii. | Jharkhand |
| D. | Tumkuru | iv. | Odisha |

**Code :**

(a) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(b) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(d) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

**20.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची I (लौह-अयस्क खानें)** | | **सूची II (राज्य)** |
|---|---|---|---|
| A. | बादामपहाड़ | i. | कर्नाटक |
| B. | नोआमुंडी | ii. | महाराष्ट्र |
| C. | चन्द्रपुर | iii. | झारखण्ड |
| D. | तुमकुरु | iv. | ओडिशा |

**कूट :**

(a) A-ii, B-iii, C-iv, D-i

(b) A-iv, B-iii, C-ii, D-i

(c) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

(d) A-iv, B-ii, C-i, D-iii

**21.** 'NAKSHA' Programme is implemented under which government initiative ?

(a) Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT)

(b) National Urban Livelihoods Mission

(c) Smart Cities Mission

(d) Digital India Land Records Modernization Programme (DILRMP)

**21.** 'नक्शा' कार्यक्रम किस सरकारी पहल के तहत कार्यान्वित किया जाता है ?

(a) अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (AMRUT)

(b) राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

(c) स्मार्ट सिटीज मिशन

(d) डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी)

22. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Bioremediation relies on the abilities of micro-organisms to degrade and detoxify organic and inorganic compounds.

**Reason (R) :** Bioremediation can be relatively intrusive to the environment.

Select the correct answer from the code given below :

(a) (A) is false, but (R) is true

(b) (A) is true, but (R) is false.

(c) Both (A) and (R) are true, but (R) is *not* the correct explanation of (A)

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

23. What is the primary objective of Rashtriya Gokul Mission ?

(a) To establish large scale dairy farms

(b) To establish veterinary hospitals across rural India

(c) To promote organic farming practices in India

(d) To conserve and develop indigenous breeds of cows and buffaloes

24. What was the theme of the Tri-Services tableau showcased during the 76th Republic day Parade in 2025 ?

(a) India's Defence Heritage

(b) United India Strong India

(c) Sashakt aur Surakshit Bharat

(d) Bharat's Joint Defence Vision

22. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** बायोरेमेडिएशन कार्बनिक और अकार्बनिक यौगिकों को क्षीण करने और विषहरण के लिए सूक्ष्म-जीवों की क्षमताओं पर निर्भर करता है।

**कारण (R) :** बायोरेमेडिएशन पर्यावरण के लिए अपेक्षाकृत हस्तक्षेप करने वाला हो सकता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) ग़लत है, परंतु (R) सही है।

(b) (A) सही है, परंतु (R) ग़लत है।

(c) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(d) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

23. राष्ट्रीय गोकुल मिशन का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(a) बड़े पैमाने पर डेयरी फार्म स्थापित करना

(b) ग्रामीण भारत में पशु चिकित्सालय स्थापित करना

(c) भारत में जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना

(d) देशी गायों और भैंसों की नस्लों का संरक्षण और विकास करना

24. 2025 में 76वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान प्रदर्शित की जाने वाली तीनों सेनाओं की झाँकी का विषय क्या था ?

(a) भारत की रक्षा विरासत

(b) एकजुट भारत सशक्त भारत

(c) सशक्त और सुरक्षित भारत

(d) भारत का संयुक्त रक्षा दृष्टिकोण

**25.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R) :

**Assertion (A) :** The Upanishads were compiled towards the end of the Vedic period.

**Reason (R) :** The thought of Upanishads is centered around the idea of soul and not sacrifice.

Select the correct answer from the code given below :

(a) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(b) (A) is true, but (R) is false.

(c) (A) is false, but (R) is true.

(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

**26.** The states of India where cotton textile industry is ***not*** established are :

I. Jammu and Kashmir

II. Goa

III. Arunachal Pradesh

IV. Punjab

**Options:**

(a) I and II

(b) I, II and III

(c) III and IV

(d) II and III

**27.** When was the Ain-i-Dahsala Settlement implemented ?

(a) 1586 AD

(b) 1576 AD

(c) 1580 AD

(d) 1570 AD

**25.** दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है :

**अभिकथन (A) :** उपनिषदों का संकलन वैदिक काल के अन्त में हुआ था।

**कारण (R) :** उपनिषदों का चिन्तन आत्मा के विचार के इर्द-गिर्द केंद्रित है न कि बलिदान के।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(b) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है।

(c) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है।

(d) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**26.** भारत के जिन राज्यों में सूती वस्त्र उद्योग स्थापित ***नहीं*** है, वे हैं :

I. जम्मू-कश्मीर

II. गोवा

III. अरुणाचल प्रदेश

IV. पंजाब

**विकल्प :**

(a) I और II

(b) I, II और III

(c) III और IV

(d) II और III

**27.** आइने-दहसाला बंदोबस्त कब लागू किया गया ?

(a) 1586 ई.

(b) 1576 ई.

(c) 1580 ई.

(d) 1570 ई.

1370257

28. Consider the following statements with reference to vision for Amrit Kaal :

I. It aims to provide opportunities for citizens with focus on youth.

II. It aims to establish strong and stable macro-economic environment.

Select the correct answer from the code given below :

(a) Both I and II are correct

(b) Only II is correct

(c) Neither I nor II is correct

(d) Only I is correct

29. Bee dance pattern which is used for foraging and communication is :

(a) Tail wagging and wing flipping dance

(b) Round and tail wagging dance

(c) Elliptical and spiral dance

(d) Spiral and round dance

30. The response of applied nitrogen is rather reduced :

(a) under saline irrigation

(b) in highly alkaline water

(c) in irrigation with water having low SAR

(d) in irrigation with marginally alkaline water

28. अमृत काल की दृष्टि (विजन) के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. इसका उद्देश्य युवाओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए नागरिकों को अवसर प्रदान करना है।

II. इसका उद्देश्य मजबूत व स्थिर व्यापक आर्थिक वातावरण तैयार करना है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) I एवं II दोनों सही हैं

(b) केवल II सही है

(c) न तो I न ही II सही है

(d) केवल I सही है

29. मधुमक्खी का नृत्य स्वरूप जो भोजन खोजने एवं संचार के लिए उपयोग किया जाता है :

(a) पूँछ हिलाने वाला और पंख फड़फड़ाने वाला नृत्य

(b) गोल और पूँछ हिलाने वाला नृत्य

(c) अण्डाकार और सर्पिल नृत्य

(d) सर्पिल और गोल नृत्य

30. अनुप्रयुक्त नाइट्रोजन की प्रतिक्रिया किस दशा में काफी घटने लगती है ?

(a) खारे पानी से सिंचाई में

(b) अत्यधिक क्षारीय जल में

(c) कम सोडियम अवशोषण अनुपात वाले जल से सिंचाई में

(d) थोड़े क्षारीय पानी से सिंचाई में

13702557

## Part II / भाग II

### Biology (Zoology) / जीव विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

31. Absence of one sex chromosome causes :
    (a) Klinefelter Syndrome
    (b) Down Syndrome
    (c) Turner Syndrome
    (d) Tay-Sachs Syndrome

31. एक लिंग गुणसूत्र की अनुपस्थिति (विलोपन) कर देती है :
    (a) क्लाइनफेल्टर सिन्ड्रोम
    (b) डाउन्स सिन्ड्रोम
    (c) टर्नर सिन्ड्रोम
    (d) टे-सैक्स सिन्ड्रोम

32. In which mammal are hind limbs absent ?
    (a) *Platypus*
    (b) Sloth
    (c) Aquatic Cetaceans and Sirenians
    (d) *Armadillo*

32. किन स्तनधारियों में पश्च पाद नहीं होते हैं ?
    (a) *प्लैटिपस*
    (b) स्लॉथ
    (c) जलीय सिटेशियन्स और साइरेनियन्स
    (d) *आर्माडिलो*

33. Bioluminescence is found in :
    (a) *Giardia* (b) *Noctiluca*
    (c) *Trichomonas* (d) *Volvox*

33. जैवसंदीप्ति पाई जाती है :
    (a) *जिआर्डिया में* (b) *नॉक्टिलुका में*
    (c) *ट्राइकोमोनास में* (d) *वोल्वॉक्स में*

34. A baby born with a small tail is a case exhibiting :
    (a) Retrogressive evolution
    (b) Metamorphosis
    (c) Atavism
    (d) Mutation

34. एक बच्चा छोटी पूँछ के साथ पैदा होता है, यह प्रदर्शित करता है :
    (a) प्रतिगामी विकास को
    (b) कायान्तरण को
    (c) एटेविज्म (पूर्वजता) को
    (d) उत्परिवर्तन को

35. Weberian Ossicles are found in :
    (a) Birds (b) Snakes
    (c) Fishes (d) Frogs

35. वेबेरियन औसिकल्स (अस्थिका) पाए जाते हैं :
    (a) पक्षी में (b) सर्प में
    (c) मछली में (d) मेंढक में

36. Which of the following is sex-linked ?
    (a) Sickle Cell Anaemia
    (b) Albinism
    (c) Phenylketonuria
    (d) Haemophilia

36. निम्नलिखित में से कौन लिंग-सहलग्न है :
    (a) दात्र (सिकल) कोशिका अरक्तता
    (b) एल्बिनिज़्म
    (c) फेनिलकीटोन्यूरिया
    (d) हीमोफीलिया

37. The hormone secreted from the kidneys is :
    (a) Secretin (b) Erythropoietin
    (c) Testosterone (d) Gastrin

37. वृक्क के द्वारा स्रावित हार्मोन है :
    (a) सिक्रेटिन (b) एरिथ्रोपोइटिन
    (c) टेस्टोस्टेरोन (d) गैस्ट्रिन

38. The principle of naming an organism by two words was first proposed by :
(a) Carolus Linnaeus (b) Julian Huxley
(c) Charles Darwin (d) Ernst Haeckel

39. The cleavage in zygote of Amphioxus is ________.
(a) Holoblastic
(b) Meroblastic
(c) Discoidal
(d) Superficial

40. Which of the following helps in the defence of *Paramecium* ?
(a) Trichocyst
(b) Statocyst
(c) Oocyst
(d) Nematocyst

41. Ruminating animals produce which green house gas ?
(a) Methane
(b) Carbon dioxide
(c) Nitrous oxide
(d) Water vapour

42. If thyroid gland is completely removed from a tadpole, it will :
(a) remain a tadpole indefinitely.
(b) turn into a giant frog.
(c) turn into a dwarf frog.
(d) die immediately.

43. The embryonic respiratory organ in chicks is :
(a) Allantois
(b) Yolk sac
(c) Amnion
(d) Chorion

38. किसी जीव का नाम दो शब्दों से रखने का सिद्धांत सबसे पहले किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया ?
(a) कैरोलस लिनियस (b) जूलियन हक्सले
(c) चार्ल्स डार्विन (d) अर्न्स्ट हेकेल

39. एम्फिऑक्सस के युग्मज में ________ विदलन होता है।
(a) होलोब्लास्टिक
(b) मेरोब्लास्टिक
(c) डिस्कॉयडल
(d) सुपरफिशियल

40. *पैरामीशियम* की रक्षा में निम्नलिखित में से कौन सहायता करता है ?
(a) ट्राइकोसिस्ट
(b) संतुलनपुटी
(c) युग्मकपुटी
(d) दंशकोशिका

41. जुगाली करने वाले पशु किस ग्रीन हाउस गैस को उत्पन्न करते हैं ?
(a) मीथेन
(b) कार्बन डाइऑक्साइड
(c) नाइट्रस ऑक्साइड
(d) जल वाष्प

42. यदि थायरॉइड ग्रन्थि टैडपोल से पूर्णतया निकाल दी जाए तो यह :
(a) चिरकाल तक टैडपोल बना रहेगा।
(b) भीमकाय मेंढक में परिवर्तित हो जाएगा।
(c) बौने मेंढक में परिवर्तित हो जाएगा।
(d) तुरंत मर जाएगा।

43. चूजे के भ्रूण में श्वसनांग होता है :
(a) अपरापोषिका
(b) अण्डपीत कोश
(c) ऐम्नीयॉन
(d) जरायु

**44.** Stomochord is present in :

(a) *Amphioxus*

(b) *Balanoglossus*

(c) *Herdmania*

(d) All of the above

**44.** स्टोमोकॉर्ड पाया जाता है :

(a) एम्फीऑक्सस में

(b) बैलेनोग्लोसस में

(c) हर्डमेनिया में

(d) उपर्युक्त सभी में

**45.** Which of the following pair is ***not*** correctly matched ?

(a) *Polynoe* – Scale worm

(b) *Eunice viridis* – Palolo worm

(c) *Aphrodita* – Sea mouse

(d) *Chaetopterus* – Lug worm

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित ***नहीं*** है ?

(a) पॉलीनोइ – शल्क कृमि

(b) यूनीस विरिडिस – पालोलो कृमि

(c) एफ्रोडिटा – समुद्री चूहा

(d) कीटोप्टेरस – लग कृमि

**46.** Consider the following statements :

I. ADH is formed primarily in the supraoptic nuclei of hypothalamus.

II. Oxytocin is formed primarily in the paraventricular nuclei.

Select the correct answer from the code given below :

(a) Only II is true

(b) Both I and II are true

(c) Neither I nor II is true

(d) Only I is true

**46.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. ADH प्राथमिक रूप से हाइपोथैलेमस के सुप्राऑप्टिक न्यूक्लियाई में बनते हैं।

II. ऑक्सीटोसिन प्राथमिक रूप से पैरावेन्ट्रीकुलर न्युक्लियाई में बनते हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) केवल II सही है

(b) I और II दोनों सही हैं

(c) न तो I न ही II सही है

(d) केवल I सही है

**47.** 'One gene – one enzyme hypothesis' was given by :

(a) Johannsen (b) Beadle and Tatum

(c) T.H. Morgan (d) Benzer

**47.** 'एक जीन – एक एंजाइम की परिकल्पना' को दिया था :

(a) जोहान्सेन ने (b) बीडल एवं टैटम ने

(c) टी.एच. मॉर्गन ने (d) बेंज़र ने

**48.** Which zoogeographical region has ***no*** representative lungfish ?

(a) Ethiopian region (b) Neotropical region

(c) Australian region (d) Oriental region

**48.** कौन-सा प्राणी-भौगोलिक क्षेत्र उभयश्वासी (मछली) मीन का प्रतिनिधि ***नहीं*** है ?

(a) इथोपियन क्षेत्र (b) नव-उष्णकटिबंधीय क्षेत्र

(c) ऑस्ट्रेलियन क्षेत्र (d) पूर्वी क्षेत्र

**49.** The type of placenta found in humans is :

(a) Epitheliochorial

(b) Haemoendothelial

(c) Haemochorial

(d) Endotheliochorial

**49.** मानव में पाए जाने वाले जरायु का प्रकार है :

(a) उपकला जरायु (एपिथेलियोकोरियल)

(b) रुधिरांतः स्तरी जरायु (हीमोएन्डोथेलियल)

(c) रक्त जरायु (हीमोकोरियल)

(d) अन्तःकला जरायु (एन्डोथेलियोकोरियल)

50. Match List I with List II and select the correct answer from the code given below the lists :

| List I (Animal) | | List II (Class) |
|---|---|---|
| A. *Neopilina* | i. | Gastropoda |
| B. *Chiton* | ii. | Amphineura |
| C. Cowries | iii. | Monoplacophora |
| D. *Anodonta* | iv. | Bivalvia |

**Code :**

(a) A-iv, B-ii, C-iii, D-i

(b) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(c) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

(d) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

51. Consider the following statements with reference to linkage :

I. The strength of linkage is determined by the distance between the two genes.

II. The two genes are said to be linked when they fail to show independent assortment.

Select the correct answer from the code given below :

(a) Both I and II

(b) Neither I nor II

(c) Only I

(d) Only II

52. Which is *not* a vertebrate character ?

(a) Hepatic portal vein

(b) Pharyngeal gill slits

(c) Red coloured plasma

(d) Metamerism

53. Which of the following is *not* present in pancreatic juice ?

(a) Amylopsin

(b) Lipase

(c) Trypsin

(d) Rennin

50. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (जन्तु) | | सूची II (वर्ग) |
|---|---|---|
| A. *निओपाइलिना* | i. | गैस्ट्रोपोडा |
| B. *काइटन* | ii. | एम्फीन्यूरा |
| C. कौड़ी | iii. | मोनोप्लैकोफोरा |
| D. *एनोडोंटा* | iv. | बाइवाल्विया |

**कूट :**

(a) A-iv, B-ii, C-iii, D-i

(b) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

(c) A-iii, B-ii, C-i, D-iv

(d) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

51. लिंकेज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. दो जीनों के बीच संबंध (लिंकेज) की ताकत उनके बीच की दूरी से निर्धारित होती है।

II. दो जीन संबंधित कहे जाते हैं जब वे स्वतंत्र अपव्यूहन दिखाने में विफल होते हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) I और II दोनों

(b) न तो I न ही II

(c) केवल I

(d) केवल II

52. इनमें से कौन-सा कशेरुकी का लक्षण ***नहीं*** है ?

(a) यकृत निर्वाहिका शिरा

(b) ग्रसनी गिल स्लिट्स

(c) लाल प्लाज्मा

(d) मेटामेरिज्म

53. निम्नलिखित में से क्या अग्नाशयी रस में ***नहीं*** होता है ?

(a) एमाइलोप्सिन

(b) लाइपेस

(c) ट्रिपसिन

(d) रेनिन

**54.** Insects are physiologically :

(a) Guanotelic

(b) Uricotelic

(c) Ammonotelic

(d) Ureotelic

**55.** Chocolate can be bad for health because of high content of :

(a) Nickel

(b) Cobalt

(c) Zinc

(d) Lead

**56.** Which of the following is the correct sequence of larval stages in the life cycle of *Fasciola* ?

(a) Sporocyst, Redia, Miracidium, Cercaria, Metacercaria

(b) Miracidium, Sporocyst, Redia, Cercaria, Metacercaria

(c) Cercaria, Metacercaria, Miracidium, Sporocyst, Redia

(d) Redia, Miracidium, Cercaria, Metacercaria, Sporocyst

**57.** When is "World Liver Day" celebrated ?

(a) 19th April

(b) 27th August

(c) 3rd March

(d) 16th September

**58.** Placenta is a connection between the mother and the foetus, which does *not* exist in :

(a) Prototheria

(b) Primates

(c) Metatheria

(d) Eutheria

**54.** कीट कार्यकीय रूप से होते हैं :

(a) ग्वानोटेलिक

(b) यूरिकोटेलिक

(c) अमोनोटेलिक

(d) यूरीयोटेलिक

**55.** चॉकलेट स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है क्योंकि इसमें उच्च मात्रा होती है :

(a) निकैल की

(b) कोबाल्ट की

(c) ज़िंक की

(d) लेड की

**56.** *फेसिओला* के जीवन चक्र में पाए जाने वाले डिंभक का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) स्पोरोसिस्ट, रेडिया, मिरासिडियम, सरकेरिया, मेटासरकेरिया

(b) मिरासिडियम, स्पोरोसिस्ट, रेडिया, सरकेरिया, मेटासरकेरिया

(c) सरकेरिया, मेटासरकेरिया, मिरासिडियम, स्पोरोसिस्ट, रेडिया

(d) रेडिया, मिरासिडियम, सरकेरिया, मेटासरकेरिया, स्पोरोसिस्ट

**57.** "विश्व यकृत दिवस" कब मनाया जाता है ?

(a) 19 अप्रैल को

(b) 27 अगस्त को

(c) 3 मार्च को

(d) 16 सितम्बर को

**58.** प्लेसेन्टा माँ और भ्रूण के मध्य एक सम्बन्ध होता है, जो उपस्थित *नहीं* होता है :

(a) प्रोटोथीरिया में

(b) प्राइमेट्स में

(c) मेटाथीरिया में

(d) यूथीरिया में

59. Back Cross is :

(a) $F_1$ × Recessive Parent

(b) $F_1$ × any parent

(c) $F_1 \times F_1$

(d) $F_1$ × Dominant Parent

60. The famous Kyoto Protocol has been signed to address the problem of :

(a) Eutrophication

(b) Global warming

(c) Acid rain

(d) Ozone depletion

61. Consider the following assertions :

I. Claude Bernard gave the concept of constancy of internal environment.

